an>

Title: The Speaker on behalf of the House felicited Krishnaraj Mahadik on winning race two at Brands Hatch Grand Prix Circuit, England on 6th August, 2017.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं एक अच्छी खबर दे रही हूँ। हमारे सांसदों में से किसी का पुत्र कुछ अच्छा करता है, तो मैंने सोचा कि उसकी खबर मैं आप तक पहुँचा दूँ।

6 अगस्त, 2017 को इंग्लैंड के केंट में ब्रांड्स हैच ग्रैंड प्रिक्स सर्किट में रेस-2 जीतने और बीआरडीसी ब्रिटिश फार्मूला एफ-3 चैंपियनशिप में पोल पोजीशन हासिल करने के लिए कृऐणराज महाडिक, जो सांसद श्री धनंजय महाडिक के बेटे हैं, को मैं अपनी ओर से और सभा की ओर से बधाई देती हूँ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज शून्यकाल के लिए मैं आपको कॉलिंग अटेंशन के बाद अलाऊ करती हूँ। Calling attention is there.

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुछ पार्टियों के एक-दो सदस्य बोलने के लिए बहुत उत्तेजित हो रहे हैं। मैं आपको बोलने के लिए जरूर अलाऊ करूँगी। कॉलिंग अटेंशन के बाद बैंक से संबंधित एक छोटा-सा बिल पारित होने के पश्चात् शून्यकाल लिया जाएगा।

मैं आज कॉलिंग अटेंशन के लिए अलाऊ जरूर करती हूँ। श्री निनोंग इरिंग जी, आप का पहला नम्बर है, लेकिन गौरव गोगोई जी ने रिक्वेस्ट की है और उनका इसमें नाम है। साधारणतया ऐसा होता नहीं है, आप यह ध्यान में रखें।

श्री गौरव गोगोई जी।

…(व्यवधान)

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार): महोदया, श्री विजय गोयल जी के नाम पर जो बिल है, उसका इंट्रोडक्शन करवा दीजिए, उसे सिर्फ इंट्रोडयूज करवाना है।